लखनऊ में चल रही थी नकली सॉस की फैक्ट्री, 60000 की सामग्री नष्ट - FAKE SAUCE FACTORY IN LUCKNOW

लखनऊ: राजधानी की खाद्य सुरक्षा टीम ने 80 रुपये में 5 किलों सॉस बेचने वाली फैक्ट्री में छापा मार 3700 किलों ग्राम रेड व ग्रीन सॉस बरामद किया है. ये सॉस खाद्य सुरक्षा के मानकों के विपरीत व मिलावटी पदार्थों से मिलकर तैयार किया जा रहा था. इतना ही नहीं टोमेटो प्यूरी भी एक्सपायर होने के बाद भी बेची जा रही थी.

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी लखनऊ जेपी सिंह ने बताया कि, शनिवार को दुबग्गा के बराबन कला काकोरी में चल रही साहू फूड्स पर छापेमारी की गई थी. यहां फैक्टी मालिक संजय साहू कई प्रकार के सॉस और नूडल्स की बिक्री करता था. जब खाद्य सुरक्षा टीम ने फैक्ट्री में मौजूद कॉन्टिनेंटल सॉस, ग्रीन चिली सॉस, कॉन्टिनेंटल सॉस (फ्रेशको ब्रांड), नूडल्स, सोया सॉस की जांच की तो वो मानकों के विपरीत पाए गए.

अधिकारी के मुताबिक, फैक्ट्री से छह नमूने इकट्ठा किए गये. मौके पर ही 3700 किलोग्राम ग्रीन चिली सॉस, कॉन्टिनेंटल सॉस, सोया सॉस बरामद हुआ, जिनका थोक बाजार मूल्य 60000 रुपये था. जिसे सीज कर दिया गया. मौके पर 11000 रुपये की टोमेटो प्यूरी व विनेगर जो कालातीत (Expire) पाया गया, को नष्ट कर दिया गया.

जेपी सिंह ने बताया कि, टीम ने सीतापुर रोड अलीगंज लखनऊ स्थित प्रतिष्ठान गौरव ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया, जहां कॉन्टिनेंटल सॉस, चिली सॉस, सोया सॉस बरामद हुआ, इसका भी मिलावट का शक होने पर तीन नमूने इकट्ठा किये गये और बचे हुए कॉन्टिनेंटल सॉस, चिली सॉस तथा सोया सॉस जिनकी कुल मात्रा लगभग 300 किग्रा, जिनका थोक बाजार मूल्य 10000 रुपये था, को मौके पर ही सीज कर दिया गया.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/adulterated-soya-and-chilli-sauce-worth-rs-60000-destroyed-in-lucknow-uttar-pradesh-news-ups25012502486